# 2024 में दौड़ेगी मेट्रो-3

## आरे से बीकेसी का काम 93% पूरा

■ **मुंबई,** नवभारत न्यूज नेटवर्क. मुंबई में तेजी से बढ़ते मेट्रो नेटवर्क में नवीनतम जुड़ाव एक्वा लाइन (मेट्रो तीन) के पहला चरण का काम तेजी से चल रहा है. पहले चरण (आरे से बीकेसी) का काम करीब 93% पूरा हो चुका है. लेकिन अब भी कई काम ऐसे हैं, जो पूरे किये जाने हैं. जिसमें सिस्टम, वेंटिलेशन, लिफ्ट, एंट्री और एग्जिट का काम बाकी है. दिसंबर के अंत तक पहले चरण का काम पूरा किया जाएगा और जनवरी 2024 में इस प्रोजेक्ट का लोकार्पण किया जाएगा. दिसंबर में अधिकांश ट्रायल किए जाएंगे. तो वहीं अगर दूसरे चरण (बीकेसी से कफ परेड) की बात करें तो इसका काम भी तेजी से चल रहा है और उम्मीद जताई जा रही है कि 2024 में इसे भी आम जनता के लिए शुरू कर दिया जाएगा. एमएमआरसी (मुंबई मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड) द्वारा संचालित, मुंबई-मेट्रो लाइन 3 मुख्य रूप से एक अंडरग्राउंड लाइन है, जिसे भारत सरकार और महाराष्ट्र सरकार के बीच एक संयुक्त उद्यम के रूप में घोषित किया गया था.

## पहले चरण के लिए 9 रेक तैनात

- 50:50 शेयरिंग के आधार पर 23,136 करोड़ रुपये की लागत से मेट्रो लाइन की निर्माण योजना को 2018 में मंजूरी दी गई थी. पहले चरण को चालू करने के लिए आवश्यक नौ ट्रेन आरे कार शेड में मौजूद हैं.
- अधिकारी ने बताया कि पहले चरण को शुरू करने के लिए हमें सभी 9 रेक की जरूरत थी और 9 रेक के आने से प्रोजेक्ट को गति मिली है. इसके अलावा अन्य रेक नियमित अंतराल पर आएगी. अगर दोनों संयुक्त लाइन की बात करें तो कुल मिलाकर 86 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है.
- मिली जानकारी के अनुसार, काम पूरा होने के बाद ट्रेन का परीक्षण शुरू किया जाएगा, जिसके बाद भारतीय रेलवे की अनुसंधान और विकास शाखा आरडीएसओ द्वारा परीक्षण किया जाएगा.

| | |
|---|---|
| दोनों फेज का एकीकृत काम | 86 % |
| फेज 1 - लगभग | 93 % |
| फेज 2 - लगभग | 80 % |
| फेज 1 सिविल वर्क | 98% |
| मेट्रो 3 की कुल लंबाई | 33.5 किमी (27 स्टेशन) |
| फेज 1 : आरे | बीकेसी (10 स्टेशन) |
| फेज 2 : बीकेसी | कफ परेड (17 स्टेशन) |